JEEViKA
An Initiative of Government of Bihar for Poverty Alleviation
Bihar Rural Livelihoods Promotion Society
State Rural Livelihoods Mission, Bihar
1st Floor, Vidyut Bhawan-II, Bailey Road, Patna - 800 021; Ph. : +91-612-250 4980; Fax : +91-612-250-4960; e-mail : info@brlp.in; Website : www.brlp.in
बिहार सरकार

प्रेषक
श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका, बिहार।

सेवा में
श्री बालामुरुगन डी. (भा.प्र.से.)
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार।

विषय : MGNREGA/ RURBAN/ अन्य माध्यम से 'जीविका ग्राम संगठन' के कार्यालय निर्माण हेतु SECURE से मॉडल एस्टीमेट बनवाते हुए जिलों को भवन निर्माण हेतु निदेशित करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

जीविका के द्वारा राज्य में 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह एवं 70 हजार से अधिक ग्राम संगठन बनाये गए हैं, जिनके द्वारा राज्य की महिलाओं के माध्यम से 'आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान' से सम्बंधित कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में समूहों की बैठक विभिन्न सदस्यों के दरवाजे पर या अन्य स्थानों पर की जा रही है। परन्तु आगामी चरण में सदस्यों एवं संगठन के आत्मविश्वास एवं स्थायित्व की दिशा में ग्राम संगठनों का कार्यालय भवन होना एक बहुत महत्वपूर्ण कदम होगा।

इन भवनों का निर्माण मनरेगा केटेगरी – "C"/ अन्य आधारभूत सरंचना मद सलंग्न नक्शा के अनुरूप करवाया जा सकता है। VPRP-GPDP/ अन्य माध्यम से कई जिलों में ग्राम संगठन भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन भी किया गया है। संलग्न ड्राफ्ट प्रारुप (डिजाईन)/ नक्शा ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय एवं ग्रामीण विकास विभाग की तकनीकी सहयोग संस्था – PCI/ एवं कार्यपालक अभियंता श्री शम्भू कुमार के समन्वय से बनवाई गयी है।

अनुरोध है कि मनरेगा एवं विभागीय तकनीकी दल द्वारा "संलग्न नक्शा के अनुकूल या सुधार के साथ ग्राम संगठन कार्यालय" भवन निर्माण हेतु प्राक्कलन के साथ पूर्ण मॉडल MGNREGA/ RURBAN/ अन्य माध्यम द्वारा जिलों को भवन निर्माण हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय|

अनुलग्नक: यथोक्त।

विश्वासभाजन

(राहुल कुमार)

<u>प्रतिलिपि:</u>

1. आयुक्त , मनरेगा, बिहार।
2. कार्यपालक अभियंता, तकनीकी कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार।